नया इंडिया

खेल

सार समाचार

लेह में इंडोर निशानेबाजी रेंज का उद्घाटन

नई दिल्ली,भाषा। लद्दाख में निशानेबाजी को बढ़ावा देने, खेल तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराने और केंद्र शासित प्रदेश में प्रतिभाओं की पहचान करने के उद्देश्य से लेह में सालभर संचालित होने वाली इंडोर निशानेबाजी रेंज का उद्घाटन किया गया। 'इंसुलेटेड' (सर्दियों में गर्म रखना) सुविधा से युक्त इस रेंज में एयर राइफल और एयर पिस्टल निशानेबाजी की व्यवस्था है। इसे लद्दाख निशानेबाजी संघ (एलएसए) ने लद्दाख पुलिस के सहयोग से पुलिस के नवनिर्मित खेल परिसर में स्थापित किया है। यह रेंज विद्यार्थियों, आम लोगों और पुलिसकर्मियों के लिए खुली रहेगी। इससे निशानेबाज क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण मौसम परिस्थितियों के बावजूद पूरे साल स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण ले सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने कहा कि यह सुविधा लद्दाख में निशानेबाजी को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में मदद करेगी और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी में आगे बढ़ने का मार्ग प्रदान करेगी।

दीपक हुड्डा 5 साल बाद बड़ौदा की टीम में वापसी करेंगे

नई दिल्ली,आईएएनएस। बेटिंग ऑलराउंडर दीपक हुड्डा मौजूदा घरेलू सीजन में अपने घरेलू राज्य बड़ौदा के लिए फिर से खेलने को तैयार हैं। वह 5 साल बाद इस टीम में वापसी कर रहे हैं। दीपक हुड्डा कप्तान कृणाल पांड्या के साथ झगड़े के बाद राजस्थान की टीम में चले गए थे। उन्हें बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने अनुशासनहीनता के कारण निलंबित कर दिया था। उन्होंने 2021 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा के पहले मैच से ठीक पहले टीम होटल और 'बायो-बबल' छोड़ दिया था। इसके साथ ही दीपक ने आरोप लगाया था कि प्रैक्टिस सेशन के दौरान पांड्या ने उनके साथ बदसलूकी की। बीसीए के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर स्नेहल पारिख ने गुरुवार को बताया कि हुड्डा, पांड्या और एसोसिएशन के बीच पुरानी सभी शिकायतें सुलझा ली गई हैं। उन्होंने कहा, हां, दीपक घरेलू क्रिकेट में फिर से बड़ौदा के लिए खेलने जा रहे हैं।

आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में नहीं खेलेंगे धोनी

नई दिल्ली,भाषा। पूर्व भारतीय कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में नहीं खेलना चाहते हैं, जिससे 2027 में होने वाले टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी को लेकर बनी अनिश्चितता में एक और नया मोड़ आ गया है।

चीन मास्टर्स: श्रीकांत ने लाई को हराकर उलटफेर किया

पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी जीते, महिला एकल से तन्वी बाहर।

शेनझेन ■ भाषा/डेस्क

भारत के अनुभवी खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को यहां कनाडा के विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी विक्टर लाई को सीधे गेम में हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस साल की शुरुआत में यूएस ओपन सुपर 300 के फाइनल में पहुंचने वाले 33 वर्षीय श्रीकांत ने लाई पर 21-18 21-19 से जीत दर्ज करके उलटफेर किया। लाई ने पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

पूर्व नंबर एक और 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत अपने अगले मैच में हांगकांग के ली चेउक यिउ का सामना करेंगे। तैंतीस वर्षीय श्रीकांत ने कहा, मैं वास्तव में स्कोर के बारे में नहीं सोच रहा था। मैं सिर्फ इस बात पर ध्यान दे रहा था कि पूरे मैच के दौरान मैं क्या करता आ रहा हूं और आगे मुझे क्या करना है। मैं केवल इसी बारे में सोच रहा था। उन्होंने कहा, वह पिछले 12-14 महीनों से बहुत अच्छा खेल रहा है।

लेकिन मुझे लगता है कि यह एक नया दिन है और अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकता हूं, तो मेरे पास जीतने का मौका होगा। मैं यह नहीं सोच रहा था कि वह कैसा खेल रहा है। मैं सिर्फ इस बात पर ध्यान दे रहा था कि मुझे कैसे खेलना चाहिए। वहीं सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने फ्रांस के क्रिस्टो और टोमा जूनियर पोपोव बंधुओं को 21-15 22-24 21-9

से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

महिला एकल में हाल ही में ताइपे ओपन वर्ल्ड टूर सुपर 300 का खिताब जीतने वाली तन्वी शर्मा को दूसरे दौर में जापान की विश्व में नौवें नंबर की खिलाड़ी टोमोका मियाजाकी से 17-21 21-18 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

भारत के ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो भी मिश्रित युगल में चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और सू यिन हुई से 18-21, 18-21 से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए। श्रीकांत ने लाई के खिलाफ अपने जुझारूपन का शानदार प्रदर्शन किया।

वह पहले गेम के शुरू में 3-7 से पीछे हो गए, लेकिन लाई की गलतियों का फायदा उठाकर उन्होंने 8-8 से बराबरी कर ली। कनाडा के खिलाड़ी ने हालांकि इंटरवल तक दो अंक की बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने इसके बाद स्कोर 15-11 कर दिया। श्रीकांत ने हालांकि जोरदार वापसी की और स्कोर 15-15 कर दिया। एक ओर क्रॉस-कोर्ट स्मैश से भारतीय खिलाड़ी ने 18-16 की बढ़त हासिल कर दी। इसके बाद उन्हें तीन गेम प्वाइंट मिले और उन्होंने दूसरे गेम प्वाइंट पर यह गेम अपने नाम कर दिया।

श्रीकांत ने दूसरे गेम के शुरू में गलतियां की जिससे वह 5-9 से पीछे हो गए। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि वापसी के प्रयास जारी रखे। जब वह 9-14 से पीछे थे तब उन्होंने दो जोरदार शॉट्स और लाई की गलतियों से स्कोर 13-14 कर दिया। इसके बाद एक समय स्कोर 18-18 पर बराबरी पर था। इसके बाद लाई का शॉट बाहर चला गया और श्रीकांत ने एक जोरदार शॉट मारकर मैच प्वाइंट हासिल कर लिया तथा जल्द ही मैच अपने नाम कर दिया।

वहीं पोपोव बंधुओं के खिलाफ सात्विक-चिराग की जोड़ी पहले गेम में 11-6 से बढ़त बनाए थी। फ्रांस की जोड़ी भारतीयों के खिलाफ संघर्ष करती दिख रही थी। इससे सात्विक-चिराग ने 18-11 से बढ़त बना ली। वहीं एक रिटर्न शॉट टोमा जूनियर के कूल्हे में लगा जिससे उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। इस तरह भारतीयों ने सात गेम प्वाइंट हासिल कर पहला गेम जीत लिया।

सबालेंका आसान जीत के साथ तीसरे दौर में

न्यूयॉर्क ■ एपी/डेस्क

पिछली दो बार की चैंपियन एरिना सबालेंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आसान जीत के साथ बारिश से प्रभावित यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने बुधवार रात को पोलिना इयात्सेन्को को केवल 53 मिनट में 6-1, 6-1 से हरा दिया। वह पिछले कुछ टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी लेकिन यहां उन्होंने पावर-हिटिंग का ऐसा नमूना पेश किया कि लगता है कि वह अपनी असली फॉर्म में आ गई हैं।

सबालेंका ने कहा, आज मैंने जिस तरह का टेनिस खेली उससे मैं बहुत खुश हूं। मैंने अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया और इस मैच में जीत हासिल करने से मैं खुश हूं। बारिश होने के कारण केवल आर्थर ऐश स्टेडियम और लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में छत के नीचे ही खेल निर्बाध रूप से जारी रह सका।

नीरज चोपड़ा नहीं तो कौन?

नई दिल्ली ■ राजेंद्र सजवान

क्योंकि नीरज चोपड़ा आगामी एशियन गेम्स में भाग नहीं ले पाएंगे इसलिए एक निश्चित पदक भारतीय पदक तालिका से छिटक गया है। हाल फिलहाल के प्रदर्शन को देखते हुए यह दावा नहीं किया जा सकता है कि अगर वे भाला फेंकते तो सीधे सोने के पदक पर जा लगता। इसलिए क्योंकि पिछले कुछ समय से चोटिल हैं। हालांकि कुछ एक भारतीय थ्रोअर उनके स्थान की भरपाई के लिए तैयार हैं लेकिन उन्हें अभी लंबा फासला तय करना है। 90.23 मीटर के व्यक्तिगत श्रेष्ठ का भारतीय रिकॉर्ड स्थापित करने वाले नीरज देश के लिए दो ओलम्पिक पदक जीतने वाले

पहले एथलीट हैं।

ओलम्पिक की तरह वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी उसने एक-एक गोल्ड-सिल्वर जीते हैं। डायमंड लीग, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स, एशियन चैंपियनशिप और अन्य स्पर्धाओं में उन्होंने शानदार रिकॉर्ड के साथ पदक जीते और देश का मान बढ़ाया। लेकिन चोट के चलते एशियन गेम्स से नाम वापस लेना भारत को पहला बड़ा झटका कहा जा सकता है। जानकारों, करीबी सूत्रों और मेडिकल स्टाफ की रिपोर्ट पर गौर करें तो लगातार चोटग्रस्त होने के कारण नीरज पर दबाव बढ़ रहा है। इसलिए क्योंकि उनके थ्रो को लंबी, ऊंची और दूर तक मार करने वाली माना जाता रहा है। फिलहाल सवाल यह पैदा होता है कि नीरज नहीं तो कौन? हाल फिलहाल के प्रदर्शन पर नजर डालें तो रोहित यादव, यशवीर सिंह, सचिन यादव और किशोर जेना ओलम्पिक विजेता नीरज की कमी पूरी करने के लिए तैयार हैं लेकिन गारंटी से नहीं कहा जा सकता कि एशियन गेम्स का स्वर्ण भारत की झोली में आएगा। फिर भी नीरज के बाद की अगली कतार में दम है। किशोर जेना का श्रेष्ठ 87.54 मीटर और यशवीर का 85.14 मीटर है। लेकिन नीरज की कमी की भरपाई हो पाएगी, ऐसा दावे के साथ नहीं कहा जा सकता। अर्थात नीरज की कमी भारतीय एथलेटिक्स के लिए बड़ा झटका है क्योंकि ऐसा एथलीट भारत में पहले कभी पैदा नहीं हुआ, जिसकी चमक से मिल्खा और ऊषा के रिकॉर्ड भी धुंधले पड़ गए हैं।

आर्थिकी/परदेश

सेंसेक्स 417 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसला

मुंबई ■ भाषा/डेस्क

कच्चे तेल के दाम में तेजी तथा सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 417 टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 41 अंक फिसल गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 417.49 अंक यानी 0.55 प्रतिशत टूटकर 76,152.86 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और एक समय 354.13 अंक चढ़कर 76,924.48 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, बाद में इसने अपनी बढ़त गंवा दी।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी भी 41 अंक यानी 0.17 प्रतिशत फिसलकर 23,873.45 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में सुधार और हाल में विदेशी पूंजी के प्रवाह से शुरुआती कारोबार में बाजार में आई तेजी

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों के सतर्क रुख के कारण कारोबार के अंतिम घंटे में कमजोर पड़ गई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाइटन, ट्रेंट, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, सन फार्मास्युटिकल्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. और टाटा स्टील शामिल हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि में वाहन उद्योग की अहम भूमिका : सियाम अध्यक्ष

नई दिल्ली, भाषा। वाहन उद्योग भारत की आर्थिक वृद्धि का एक प्रमुख आधार बना हुआ है। उद्योग ने सतत विकास, कार्बन उत्सर्जन में कमी और सुरक्षा से जुड़ी वैश्विक तथा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। 'सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स' (सियाम) के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने उद्योग संगठन के वार्षिक सम्मेलन में कहा कि वाहन क्षेत्र का भारतीय अर्थव्यवस्था में कुल योगदान 22.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक है और यह देश के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में करीब 15 प्रतिशत का योगदान देता है।

चंद्रा ने कहा, "उद्योग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से तीन करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देता है। इसका संबंधित क्षेत्रों पर महत्वपूर्ण व्यापक प्रभाव है और यह आपूर्ति श्रृंखला के एक बड़े नेटवर्क को समर्थन देता है।" वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू बाजार के साथ-साथ निर्यात में भी उद्योग के लगातार बेहतर प्रदर्शन को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, "यात्री वाहन खंड में वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक की सबसे अधिक 46 लाख इकाइयों की बिक्री दर्ज की गई।

अगस्त में सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि जारी

नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क

देश में अगस्त में सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि जारी रही और उत्पादन तथा नए कारोबार में मजबूती से इसे समर्थन मिला। हालांकि, वृद्धि की कुल रफ्तार मार्च 2022 के बाद दूसरी सबसे धीमी रही। बृहस्पतिवार को जारी मासिक सर्वेक्षण से यह जानकारी मिली। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई के 53.3 से बढ़कर अगस्त में 54.1 हो गया। मांग की स्थिति अनुकूल बनी रही और नए कारोबार का प्रवाह भी बढ़ता रहा। अगस्त में दर्ज वृद्धि की रफ्तार मार्च 2022 के बाद दूसरी सबसे कमजोर रही। इसकी वजह बुकिंग में कमी, कड़ी प्रतिस्पर्धा और परिवहन सेवाओं में कमी रही। यह सेवा सूचकांक इस सवाल के आधार पर तैयार किया जाता है कि कारोबार की गतिविधि का स्तर पिछले महीने की तुलना में कैसा रहा। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, अगस्त में भारत की सेवा गतिविधियों में वृद्धि की रफ्तार बढ़ी। उत्पादन और नए कारोबार में मजबूती से वृद्धि को समर्थन मिला, हालांकि कुल वृद्धि की रफ्तार चार साल से अधिक समय में देखी गई सबसे कमजोर रफ्तार में रही। कुछ कंपनियों ने बुकिंग में कमी, प्रतिस्पर्धा और परिवहन सेवाओं में कमी का जिक्र किया। इसके बावजूद कंपनियों ने कर्मचारियों की भर्ती जारी रखी और रोजगार सृजन 15 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। वहीं, कीमतों पर दबाव में मामूली ही वृद्धि हुई। कंपनियों ने डिजिटल मंचों, बिजली, कच्चे माल, श्रम, विपणन और नि या म की य जरूरतों पर अधिक खर्च की जानकारी दी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय मांग से वृद्धि को लगातार समर्थन मिलता रहा।

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

ई-बोली सूचना संख्या 3432/2026-27

सिविल सुरक्षा प्रहरियों की सेवाएँ अनुबन्ध पर लेने हेतु

निगम द्वारा भीलवाडा आगार की सुरक्षा व्यवस्था के लिए अनुबंध पर भूतपूर्व सैनिक/सिविल सुरक्षा प्रहरी पूर्व सैनिकों के कल्याण की सहकारी समितियों के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन बोलियां आमंत्रित की जाती है । बोली से सम्बन्धित विस्तृत विवरण निगम की वेबसाईट www.rsrtc.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in व स्टेट पोर्टल (SPPP) पर देखा जा सकता है :-

क्र. सं.	ई-बोली सूचना संख्या	कार्य	निविदा की लागत (वार्षिक)
1	3432 दिनांक 17.08.2026/ 2026-27	निगम द्वारा सरकार से मान्यता प्राप्त पंजीकृत संस्था/भूतपूर्व सैनिकों की सहकारी समिति से 05 (01 भूतपूर्व सैनिक /04 सिविल सुरक्षा प्रहरी की सेवा अनुबंध पर लेने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-बोली प्रक्रिया द्वारा ऑन लाइन बोली तकनीकी बोली प्रस्ताव खोले जाने की दिनांक व समय 07.09.2026 समय 16:00 बजे।	8,50,000

UBN : RTC2627SSOB00502

अमेरिकी सिक्कों पर राष्ट्रपति ट्रम्प की तस्वीर: एक डॉलर का नया सिक्का जारी

वाशिंगटन, वार्ता। अमेरिका की टकसाल ने एक डॉलर मूल्य का एक सुनहरे रंग का नया सिक्का जारी किया है और उसके पिछले हिस्से पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर उकेरी गयी है। इसके साथ ही वह देश के इतिहास के पहले ऐसे जीवित राष्ट्रपति बन गये हैं, जिनकी तस्वीर असली मुद्रा पर ढाली गयी है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह सिक्का बुधवार को लॉन्च किया गया। इसमें श्री ट्रंप के चित्र के साथ लिबर्टी और इन गॉड वी ट्रस्ट शब्द अंकित हैं। यूएस मिंट के अनुसार, इन सिक्के को आम चलन में इस्तेमाल नहीं होगा, लेकिन इनका उपयोग वैध मुद्रा के रूप में किया जा सकता है। इस पर एक डॉलर के आधिकारिक अंकित मूल्य के बावजूद, इन्हें मुख्य रूप से संग्रहणीय वस्तुओं के रूप में बेचा जा रहा है। इन सिक्कों की कीमत 25 सिक्कों के रोल के लिए 61 डॉलर और 100 सिक्कों के बैग के लिए 154.50 डॉलर तय की गई थी।

वेनेजुएला में स्वतंत्र और विश्वसनीय मतदान होना चाहिए: रुबियो

वांशिंगटन, वार्ता। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि वेनेजुएला को स्वतंत्र और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वसनीय चुनावों की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

"अपत्र सं. आईएनसी-26"

(कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में)

कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय एक राज्य से दूसरे राज्य में अंतरित करने के लिए सामान्य पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन

केन्द्रीय सरकार क्षेत्रीय निदेशक
के समक्ष उत्तर पश्चिम क्षेत्र, अहमदाबाद
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और धारा (ए) के मामले में कंपनी (निगमन) नियम, 2014 (जैसा की समय समय पर संशोधित किया जा सकता है) के नियम 30 के उपनियम (5) और

के मामले में

कोपिटल कॉमर्स प्राईवेट लिमिटेड

जिसका पंजीकृत कार्यालय : 202, कमला हाइट्स, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001, इंडिया में स्थित है

याचिकाकर्ता

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन करने का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का पंजीकृत कार्यालय 'राजस्थान राज्य' से 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली' में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 27 जुलाई, 2026 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो **निदेशक निकायगत प्रपत्र फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है** या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर आरओसी भवन, ओपीजिट रूपल पार्क नौचंडीदी, बिहाइंड अंबूर बार स्टोर, नारनपुरा अहमदाबाद,-380013, गुजरात पर्ते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या चसुपूर्व कर सकते है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उसके उपरोक्त कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर भी भेजेगा।

पंजीकृत कार्यालय : 202, कमला हाइट्स, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001, इंडिया

कृते की और से
कॉपिटल कॉमर्स प्राईवेट लिमिटेड
हस्ताक्षर/-
राकेश कुमार राजपूत
निदेशक
डीआईएन : 00114393

दिनांक : 04.09.2026
स्थान : भीलवाड़ा

कार्यालय ग्राम पंचायत चावण्डिया, पंचायत समिति सहाड़ा जिला भीलवाड़ा

क्रमांक : – ग्रा.पं / निविदा / 2026 / 157 दिनांक : 27 / 08 / 2026

निविदा सूचना

सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2026-27 के लिए निम्न कार्यो हेतु निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदाएं दिनांक 01 / 09 / 2026 से दिनांक 10 / 09 / 2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण मय नियम व शर्ते sppp.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	राशि
1.	लेहरू बरदा के मकान से हरीमोहरा की ओर नाला निर्माण कार्य मट्टीगरा।	10.00 लाख

NIB No. :- ZBL2627A0863
UBN No. :- ZBL2627WSOB01684

(सीमा) प्रशासक ग्राम पंचायत चावण्डिया पं.स. सहाड़ा (भीलवाड़ा)

(रमेश चन्द्र जीनगर) ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत चावण्डिया पं.स. सहाड़ा (भीलवाड़ा)

कार्यालय ग्राम पंचायत चीड़खेड़ा, पंचायत समिति सहाड़ा जिला भीलवाड़ा

क्रमांक : – ग्रा.पं / निविदा / 2026 / ग्रापपी / चीड़खेड़ा / 0039 दिनांक : 01 / 09 / 2026

निविदा सूचना

सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत में वर्ष 2026-27 के लिए निम्न कार्यो हेतु निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदाएं दिनांक 03 / 09 / 2026 से दिनांक 10 / 09 / 2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण मय नियम व शर्ते sppp.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	राशि
1.	श्मशान घाट में सी.सी. रोडमय नाली निर्माण कार्य मौहब्बतपुरा	10.00

NIB No. :- ZBL2627A0879
UBN No. :- ZBL2627WSOB01705

प्रशासक ग्राम पंचायत चीड़खेड़ा पं.स. सहाड़ा (भीलवाड़ा)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत चीड़खेड़ा पं.स. सहाड़ा (भीलवाड़ा)

टाइटन बायोटेक लिमिटेड

CIN : L74999RJ1992PLC013387

रजि. कार्यालय :- ए-902 ए रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019

फोन नंबर: 011- 71239900, **ईमेल:** hrd@titanbiotechltd.com, **वेबसाइट:** www.titanbiotechltd.com

टाइटन बायोटेक लिमिटेड की चौंतीसवीं (34वीं) वार्षिक आम बैठक के संबंध में सूचना

1. इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि **टाइटन बायोटेक लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की चौंतीसवीं (34वीं) वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") मंगलवार, 29 सितंबर, 2026 को अपराह्न 03:00 बजे (IST) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम")** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जो कंपनी अधिनियम, 2013 के सभी लागू प्रावधानों और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी लागू परिपत्रों के साथ पठित के अनुपालन में होगी, ताकि एजीएम बुलाने की सूचना में निर्धारित व्यवसाय का संचालन किया जा सके।
2. **एजीएम की सूचना के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट** केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजी जाएगी, जिनके ईमेल पते उनके डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी)/कंपनी/**रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) – बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** के पास पंजीकृत हैं। वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें एजीएम की सूचना भी शामिल है, उपलब्ध होने वाले सटीक वेबलिंक को प्रदान करने वाला एक भौतिक संचार उन सदस्यों को अलग से भेजा जाएगा जिनकी ईमेल आईडी कंपनी/आरटीए/डीपी के पास पंजीकृत नहीं हैं। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com के साथ-साथ स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।
3. कंपनी ने एजीएम में अनुमोदित होने पर **वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लाभांश के भुगतान हेतु** सदस्यों की पात्रता निर्धारित करने के लिए **मंगलवार, 22 सितंबर, 2026 को रिकॉर्ड तिथि/कट-ऑफ तिथि** निर्धारित की है।
4. जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे इसे यथाशीघ्र पंजीकृत कराएं:
   a. **डीमैट रूप में रखे गए शेयर –** अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) के पास।
   b. **भौतिक रूप में रखे गए शेयर –** कंपनी के आरटीए, अर्थात **बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** को आवश्यक विवरण के साथ लिखकर, जैसा कि **https://beetal.in/investor-services/#Investor Forms** पर उल्लेखित है।
5. कंपनी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करेगी। **वीसी/ओएवीएम के माध्यम से 34वीं एजीएम** में शामिल होने के निर्देश और **ई-वोटिंग** की प्रक्रिया (जिसमें भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों या जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनके द्वारा ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालने का तरीका भी शामिल है) 34वीं एजीएम की सूचना का हिस्सा होंगे।

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड

हस्ता/-

चरणजीत सिंह

कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान: दिल्ली

दिनांक: 03.09.2026